'समानो मन्त्रः समितिः समानी'

UNIVERSITY OF NORTH BENGAL

B.A. Honours 6th Semester Examination, 2023

DSE-P3-HINDI (603)

Time Allotted: 2 Hours Full Marks: 60

The figures in the margin indicate full marks.

पत्र संख्या **DSE-603A** 'छायावाद' और पत्र संख्या **DSE-603B** 'हिंदी पत्रकारिता'
में से किसी ***एक*** पत्र का उत्तर लिखिए

पत्र संख्या – DSE-603A

छायावाद

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 3×4 = 12

(क) महादेवी वर्मा द्वारा रचित नीहार, रश्मि और नीरजा नामक कृतियों का प्रकाशन वर्ष लिखिए।

(ख) छायावाद का घोषणा पत्र (मेनीफेस्टो) किसे कहा जाता है और उसके लेखक कौन हैं ?

(ग) " बहुवस्तुस्पर्शिनी प्रतिभा निराला जी में है। "— यह कथन किसने किस पुस्तक में लिखा है ?

(घ) " छायावाद की प्रथम प्रयोगशाला " किस कवि की किस रचना को कहा जाता है ?

(ङ) निराला की प्रथम एवं अंतिम काव्य-कृतियों के नाम और प्रकाशन वर्ष लिखिए।

(च) खड़ी बोली में रचित जयशंकर प्रसाद के प्रथम काव्य संग्रह का नाम तथा उसका प्रकाशन-वर्ष लिखिए।

2. निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं ***चार*** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – 6×4 = 24

(क) विश्व मानवता का जयघोष, यहीं पर हुआ जलद-स्वर-मंद्र
मिला था वह पावन आदेश, आज भी साक्षी है रवि-चंद्र

(ख) चित्र खींचती थी जब चपला,
नील मेघ-पट पर वह विरला,
मेरी जीवन-स्मृति के जिसमें –
खिल उठते वे रूप मधुर थे।

(ग) प्रेम अर्चना यही, करें हम मरण को वरण ?
स्थापित कर कंकाल, भरें जीवन का प्रांगण ?

(घ) विश्वास धर्म, संस्कृतियाँ, नीति रीतियाँ गत
जन संघर्षण में होंगी ध्वंस, लीन, परिणत।
बंधन विमुक्त हो मानव आत्मा अप्रतिहत
नव मानवता का सद्य करेगी युग स्वागत।

(ङ) कवियों ने उनकी बहादुरी के गीत गाए,
लेखकों ने लेख लिखे,
ऐतिहासिकों ने इतिहास के पन्ने भरे
नाट्य-कलाकारों ने कितने नाटक रचे

(च) मूक सुख दुख कर रहे
मेरा नया श्रृंगार सा क्या ?
झूम गर्वित स्वर्ग देता –
नत धरा को प्यार सा क्या ?

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 12×2 = 24

(क) जयशंकर प्रसाद की कविताओं की कलागत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ख) पठित कविताओं के आलोक में निराला के काव्य का मूल्यांकन कीजिए।

(ग) " पंत संवेदनशील इन्द्रिय बोध के कवि हैं " — इस कथन का मूल्यांकन कीजिए।

(घ) आधुनिक काल की ' मीरा ' के रूप में महादेवी वर्मा की कविताओं में चित्रित विरह का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।

अथवा

पत्र संख्या – DSE-603B

हिन्दी पत्रकारिता

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 3×4 = 12

(क) पत्रकारिता से क्या तात्पर्य है ?

(ख) ' आनन्द कादम्बिनी ' पत्रिका का प्रकाशन कहाँ से होता था और इसके संपादक कौन थे ?

(ग) ' रूपाभ ' पत्रिका का प्रथम प्रकाशन कब हुआ और उसके संपादक कौन थे ?

(घ) 20 वीं शताब्दी के दूसरे दशक की तीन प्रमुख पत्रिकाओं एवं उक्त पत्रिका के सम्पादक के नाम लिखिए।

(ङ) हिन्दी का प्रथम समाचार पत्र कौन-सा है ? इसके सम्पादक कौन थे ? यह कहाँ से प्रकाशित होता था ?

(च) ' भारत मित्र ' पत्रिका का प्रकाशन कब शुरू हुआ और इसके प्रथम संपादक कौन थे ?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 6×4 = 24

(क) ' सरस्वती पत्रिका ' पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ख) ' लघु पत्रिका ' से क्या तात्पर्य हैं ? सोदाहरण बताइए।

(ग) हिन्दी पत्रकारिता का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(घ) गणेश शंकर विद्यार्थी की पत्रकारिता पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ङ) ' साहित्यिक पत्रिका ' और ' बाजारू पत्रिका ' का अंतर स्पष्ट कीजिए।

(च) ' कर्मवीर ' पत्रिका पर एक टिप्पणी लिखिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 12×2 = 24

(क) स्वाधीनता आंदोलन में हिंदी पत्रिकाओं के योगदान पर प्रकाश डालिए।

(ख) हिन्दी पत्रकारिता के क्षेत्र में महावीर प्रसाद द्विवेदी के योगदान पर विचार कीजिए।

(ग) पत्रकारिता में अनुवाद की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

(घ) हिन्दी पत्रकारिता की समकालीन चुनौतियों पर आलोकपात कीजिए।

——×——